क्रमांकः छगस्वावितविवि / परीक्षा / 2020 / QR 20 भिलाई, दिनांकः 17/10/2020

# एम.टेक. द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा (ऑनलाईन) सत्र अप्रैल–मई 2020 हेतु परीक्षार्थियों को विशेष दिशा–निर्देश

1) परीक्षार्थी अपना प्रवेश–पत्र टीसीएस पोर्टल से डाउनलोड कर लेंवे।

2) मॉक टेस्ट का आयोजन दिनांक 22 अक्टूबर 2020 एवं 23 अक्टूबर 2020 को किया जावेगा। जिनकी परीक्षा 27 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है, उनका मॉक टेस्ट दिनांक 22 अक्टूबर 2020 एवं जिनकी परीक्षा 28 अक्टूबर 2020 से प्रारंभ हो रही है उनका मॉक टेस्ट 23 अक्टूबर 2020 को होगा।

3) मॉक टेस्ट का ब्राउजर लॉगिन (Login) एवं परीक्षा लिंक की सूचना परीक्षार्थियों को एम. टेक. पाठ्यक्रम समन्वयक / विभागाध्यक्ष / परीक्षा समन्वयक के द्वारा दी जावेगी।

4) मॉक टेस्ट एक घंटा का होगा, जिसमें मुख्यतः परीक्षा की प्रक्रिया को समझने हेतु किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम पेज के प्रारूप को स्पष्ट एवं सही जानकारी के साथ भरना, ए/4 साईज के कोरे 40 पृष्ठ को स्कैन कर कुल 41 पृष्ठों का पीडीएफ बनाना एवं दिये गये लिंक में अपलोड करना है।

5) परीक्षार्थी के द्वारा परीक्षा प्रारंभ के आधा घंटा पूर्व लॉगिन किया जाना है एवं परीक्षा प्रारंभ के 15 मिनट पश्चात् लॉगिन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

6) ऑनलाईन परीक्षा की मॉनिटरिंग पूर्णतः प्रॉक्टरिंग के द्वारा की जावेगी, जिसके तहत इमेज, आडियो एवं विडियो रिकार्डिंग की जायेगी।

7) परीक्षार्थियों के पास परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए लेपटॉप / डेस्कटॉप वेब कैमरा के साथ होना अनिवार्य है।

8) परीक्षार्थी प्रतिदिन परीक्षा हेतु 6 GB डाटा की व्यवस्था रखे।

9) इंटरनेट की उपलब्धता परीक्षा के दौरान एवं परीक्षा के पूर्व में आधा घंटा व बाद में आधा घंटा (कुल चार घंटे) सुनिश्चित करें।

10) यदि परीक्षार्थी हॉटस्पॉट से नेट की सुविधा प्राप्त करता है, तब परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के मोबाईल कॉल (In coming & out going) न करें, जिससे नेट कनेक्टीवीटी समाप्ट हो सकती है एवं परीक्षा में अवरोध उत्पन्न होगा।

11) परीक्षा के दौरान मोबाईल का उपयोग निषिद्ध है, यदि मोबाईल का उपयोग करता हुआ पाया गया तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

12) परीक्षार्थी को लॉगिन करने तथा लेपटॉप / डेस्कटॉप के कैमरा को सेट करने हेतु ट्यूटोरियल विडियो विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा। जिसका अवलोकन करें। उसी के अनुरूप परीक्षार्थी बैठने की व्यवस्था करें, जिससे उचित ढंग से प्रॉक्टरिंग किया जा सके। यह विडियो एम. टेक. पाठ्यक्रम समन्वयक /

विभागाध्यक्ष/परीक्षा समन्वयक के पास उपलब्ध रहेगी, जिससे छात्र आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

13) परीक्षार्थी के द्वारा बैठने की व्यवस्था एवं कैमरे की सेटिंग का सत्यापन परीक्षा समन्वयक के द्वारा परीक्षा प्रारंभ के पूर्व करना अनिवार्य है।

14) परीक्षा के दौरान टाइमर का उपयोग किया जावेगा, जो परीक्षा समाप्ति से 10 मिनट पूर्व रेड अर्लट अर्लाम प्रॉक्टर के द्वारा दिया जायेगा।

15) उत्तर लिखने हेतु ए/4 साईज पेपर का उपयोग करें एवं पृष्ठ की अधिकत्तम संख्या 40 होगी। पृष्ठ संख्या पृष्ठ के नीचे मध्य में लिखना अनिवार्य है।

16) पहले पेज का प्रारूप संलग्न है, जिसे परीक्षार्थी के द्वारा स्पष्ट एवं सही जानकारी भरा जाये।

17) पीडीएफ का नामकरण हेतु विषय कोड_रोल नम्बर (Subject Code_Roll No.) के अनुसार होगा। उदाहरण : 520211(20)_501402019015

18) भरे हुए प्रारूप को संलग्न कर, उत्तर–पुस्तिका के साथ पीडीएफ बनाया जाये एवं स्कैन किया जायेगा। इस कार्य हेतु परीक्षा समाप्ति के पश्चात् 30 मिनट का समय दिया जायेगा।

19) छात्र परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी एवं पूछताछ के लिये संबंधित महाविद्यालय के एम. टेक. पाठ्यक्रम समन्वयक/विभागाध्यक्ष/परीक्षा समन्वयक से संपर्क कर सकते हैं।

**कुलसचिव**
छगस्वावितविवि, भिलाई

## Apr-May 2020 Examination

Date of Exam:........../.........../2020 Regular/Backlog:.........................................

Student Name:.......................................................................................................................

Roll No.

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

Enrollment No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Course: ............................................................ Semester .................

Branch/Specialization:.........................................................................................................

Subject Name:......................................................................................................................

Subject Code

| | | | | | | | | ( | | | ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

Mobile no:.............................................................................................................................

Email ID:...............................................................................................................................

Signature:.............................................................................................................................